प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार                                                        दिनांक 29.10.2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

- बीजापुर जिले में नौ महिलाओं सहित इंक्यावन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नवंबर को अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नवा रायपुर स्थित श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में ढाई हजार बच्चों से करेंगे दिल की बात।

- आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने डीएमएफ घोटाले के सिलसिले में आज प्रदेश के चार जिलों के चौदह स्थानों पर मारे छापे।

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अंतर–महाविद्यालयीन युवा उत्सव का शुभारंभ किया।

माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज इंक्यावन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें नौ महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन माओवादियों ने सीआरपीएफ के डीआईजी डी.के. नेगी और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव के समक्ष आत्मसमर्पण किया। एसपी डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि इन माओवादियों पर छियासठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री–दिल की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नवा रायपुर स्थित श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में ढाई हजार बच्चों से ''दिल की बात'' करेंगे। हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित इन बच्चों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया जा चुका है। श्री सत्य साईं अस्पताल के मीडिया समन्वयक अजय श्रॉफ ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत के अलावा अन्य देशों के लोग भी शामिल होंगे।

नवा रायपुर स्थित श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में पिछले करीब तेरह वर्षों के दौरान सैंतीस हजार से ज्यादा ऐसे बच्चों की सफल सर्जरी की जा चुकी है, जिन बच्चों को दिल में छेद की बीमारी थी। इस अस्पताल में बच्चों के दिल का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

ईओडब्ल्यू–छापा

डीएमएफ घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने आज इस सिलसिले में प्रदेश के चार जिलों के चौदह स्थानों पर छापे मारे हैं। ये छापे मुख्य रूप से रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और धमतरी जिले में सक्रिय रहे फर्मों और संचालकों के यहां मारे गए हैं। इस बारे में और अधिक जानकारी दे रहे हैं, दुर्ग से हमारे संवाददाता अभय जवादे–

ईओडब्ल्यू इन छापों से प्राप्त साक्ष्य और दस्तावेजों की विवेचना कर रहा है।

इस बीच, भारतमाला परियोजना में मुआवजा राशि घोटाले के मामले में ईओडब्ल्यू की टीम ने आज एक महिला सहित तीन पटवारियों को गिरफ्तार किया है।

सुप्रीम कोर्ट–सीजीपीएससी परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी भर्ती परीक्षा मामले में मुख्य आरोपी पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के बेटे नितेश सोनवानी और भतीजे साहिल सोनवानी समेत चार आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। न्यायाधीश पंकज मेथिल और प्रसन्न बी. वारले की पीठ ने आज इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने पैरवी की।

सरदार पटेल–परेड समारोह

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा इकतीस अक्टूबर को माना स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के चौथीं वाहिनी में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्री शर्मा मार्चपास्ट का अवलोकन करने के साथ परेड की सलामी लेंगे। साथ ही एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे।

वहीं, कवर्धा में इकतीस अक्टूबर से सरदार एट द रेट यूनिटी मार्च की शुरूआत होगी। यह जानकारी जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज पत्रकारवार्ता में दी।

अरूण साव–युवा उत्सव शुभारंभ

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में अंतर–महाविद्यालयीन युवा उत्सव का शुभारंभ किया। इकतीस अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव में विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों के नौ सौ तिरपन छात्र–छात्राएं भाग ले रहे हैं। वे तीन दिनों तक नृत्य, संगीत, साहित्य, थिएटर और फाइन आर्ट्स में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि युवा अपने लिए सही दिशा निर्धारित करें। बुलंद हौसलों के साथ आगे बढ़ने वालों को ही सफलता मिलती है।

इस अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने बताया कि अंतर–महाविद्यालयीन युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटिज द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

बस्तर ओलंपिक–विकासखंड प्रतियोगिता

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल बस्तर ओलंपिक के तहत कांकेर जिले में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने तीरंदाजी, व्हालीबॉल और रिले रेस में सांकेतिक तौर पर हिस्सा लेकर प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर श्री साव ने गोविंदपुर के खेल मैदान में शेड निर्माण के लिए पच्चीस लाख रुपए देने की घोषणा की।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि बस्तर के प्रतिभाशाली युवक–युवतियों को समुचित प्लेटफॉर्म मुहैया कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पिछले वर्ष से बस्तर ओलंपिक का आगाज किया है। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने इस वर्ष तीन लाख इंक्यानवे हजार खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है।

तीरंदाजी प्रतियोगिता

पंद्रहवीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन कल से रायपुर के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सेकरसा स्टेडियम में किया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर के बारह रेलवे जोन की टीमों के शीर्ष तीरंदाज शामिल होंगे। इसमें रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजी की स्पर्धाएं होंगी।

मौसम

चक्रवाती तूफान 'मोन्था' तटीय आंध्रप्रदेश और उससे सटे तेलंगाना के ऊपर कमजोर होकर गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। रायपुर स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र की मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि चक्रवात के कमजोर पड़ने से सुकमा और बीजापुर जिले में हल्की से मध्यम वर्षा हुई है।

संक्षिप्त समाचार

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कल सिमगा विकासखंड के सुहेला, रावन और झीपन गांवों में करोड़ों रूपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें सुहेला गांव में इकहत्तर लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित नये तहसील भवन का लोकार्पण भी शामिल है।

- रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों में किए जा रहे अमृत संवाद कार्यक्रम के तहत आज वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने उरकुरा, सरोना और मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन में यात्रियों के साथ संवाद किया।

- जांजगीर में पीएम सम्मान निधि की केवाईसी कराने के नाम पर किसान से रिश्वत लेने के आरोप में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को निलंबित कर दिया गया है।

- जांजगीर–चांपा जिले के पामगढ़ में किसानों की समस्याओं को लेकर आज विधायक शेषराज हरवंश के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम ऑफिस का घेराव करने की कोशिश की।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>